मेयर ने किया सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

सिंदरी. मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने एसीसी के दिशा सेंटर में महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को किया. दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को ले धनबाद नगर निगम सिंदरी अंचल व एसीसी ट्रस्ट की ओर से यह केंद्र खोला गया है. मेयर श्री अग्रवाल ने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की पोशाक बनाने का काम दिया जायेगा ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें. जियाडा के स्वतंत्र निदेशक सत्येंद्र कुमार ने भी अपने विचार रखे. संचालन सीएसआर अधिकारी रवि निवास ने किया. क्रिएटिव इंडिया के निर्देशक रंजीत कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया. मौके पर नगर निगम सिंदरी अंचल के प्रशासक कुणाल सिंह, अर्चना कुमारी, जीएम (एचआर) सुरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे.